अपराध | रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र की डन कॉलोनी में हुई वारदात से फैली दहशत

बदमाशों ने झपट्टा मारकर छीनी सोने की चैन

नवभारत, कटनी। जिले के रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत डन कॉलोनी में शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से छीनने की वारदात को अंजाम दिया है। चैन स्नैचिंग के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए हैं। वारदात की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उमरिया की रहने वाली हामना खातून अपने बेटे गुलाम नवी के साथ इलाज के लिए कटनी आई थीं। उनका इलाज डन कॉलोनी के डॉ सौरभ चौधरी के अस्पताल में चल रहा था। सुबह जब हामना खातून अस्पताल के बाहर टहल रही थीं, तभी यह वारदात हुई। बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला के गले से सोने की चेन खींची और फरार हो गए। इस वारदात के बाद सूचना मिलते ही रंगनाथ नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि भागते हुए बदमाश सीसीटीवी कैमरे में नजर आए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा। डन कॉलोनी में हुई चैन स्नेचिंग की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जिसके कारण कॉलोनी में रहने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। वारदात की जानकारी कॉलोनी में फैलते ही दहशत का महौल है। शहर के अंदर यह कॉलोनी सुरक्षित मानी जाती थी, लेकिन चैन लूट की वारदात ने सभी के अंदर दहशत पैदा कर दी है। पुलिस लुटेरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। कुछ सीसीटीवी फुटेज में बदमाश दिखाई भी दे रहे हैं। जिसके आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश रही रही है।

अशांति फैलाने पर 3 गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत जुहला बायपास में एक ऑटो रिक्शा चालक ने सवारी से तय किराए से अधिक की राशि मांगी, जिसे नहीं देने पर चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सवारी के साथ मारपीट की। पुलि ने शिकायत पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 28 मार्च 2026 को फरियादी रिषी नामदेव द्वारा सूचना दी थी कि वह रेलवे स्टेशन कटनी से जुहला बायपास की ओर ऑटो में सवार होकर जा रहा था। जुहला बायपास मार्ग स्थित बस स्टैण्ड के पास ऑटो चालक द्वारा तय किराए से अधिक राशि की मांग की गई। जब फरियादी द्वारा अतिरिक्त किराया देने से मना किया गया, तो ऑटो चालक और उसके साथियों प्रकाश साहू, आयुष बर्मन, रिषी मल्होत्रा उत्तेजित होकर गाली-गलौज करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगे और सार्वजनिक स्थान पर अशांति और भय का वातावरण निर्मित किया है। जिस पर तीनों को गिरफ्तार किया गया है।

जीवंत झांकियों से आकर्षण का केन्द्र बना स्वागत स्टॉल

असाटी समाज द्वारा किया गया शोभायात्रा का स्वागत

नवभारत, कटनी। रामनवमी के पावन पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में निकाली गई शोभायात्रा का स्टॉल लगाकर जगह-जगह स्वागत किया गया। इन्हीं स्वागत स्टॉलों में असाटी समाज और वैश्य विकास समिति द्वारा लगाया गया स्टॉल जन आकर्षण का केंद्र रहा। स्टॉल में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित असाटी समाज के लोगों ने सभी के आराध्य भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा पाठ किया। शोभा यात्रा का स्वागत आरती कर, पुष्प वर्षा, पुष्प माला, गीत भजनों के साथ महाप्रसाद वितरण के साथ किया गया। स्टॉल में विभिन्न रंग बिरंगी सुसज्जित सुंदर वेशभूषा में बच्चों द्वारा प्रभु श्री राम, लक्ष्मण,जानकी, कृष्ण राधा, हनुमान, महाकाली, मां दुर्गा और शबरी की जीवंत मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालू भक्तों को मंत्र मुग्ध करते हुए रुकने को विवश किया। असाटी समाज और वैश्य विकास समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र असाटी, राष्ट्रीय महिला प्रवक्ता गीता असाटी, उपाध्यक्ष संजय असाटी, संरक्षक योगेंद्र कुमार असाटी, संतराम असाटी, राजकुमार असाटी, गौरीशंकर असाटी, जितेंद्र असाटी, सूरज असाटी, राजेंद्र असाटी, लल्लू लाल असाटी, राकेश असाटी, ओम प्रकाश, प्रकाश, मनोज, प्रेम नारायण, ओम प्रकाश, मुन्ना, बिहारी, लक्ष्मी सरिता असाटी, अंजनी असाटी, रेखा,अनीता सहित काफी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

रक्तरंजित हालत में मिला अज्ञात युवक का शव

नहीं हो सकी मृतक की पहचान पुलिस ने शुरू की जांच

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के व्यस्ततम क्षेत्र आजाद चौक में रविवार को एक युवक का रक्तरंजित हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामलो दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया गया है। स्थानीय लोगों ने ने बताया कि युवक को पिछले दिन से ही इलाके में बीमार हालत में देखा गया था। वह काफी कमजोर और अस्वस्थ नजर आ रहा था, लेकिन आज जब लोगों की नजर उस पर पड़ी तो वह मृत अवस्था में था और उसके चेहरे पर खून के निशान थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है ताकि उसके परिजनों को सूचित किया जा सके। युवक की मौत किसी गंभीर बीमारी की वजह से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

बगैर विधिवत अनुमति के विदेश यात्रा कर फंसे यातायात थाना प्रभारी, विभागीय जांच के आदेश

बिना सूचना के अवकाश पर भी जाने के लगे आरोप

नवभारत, ढीमरखेड़ा। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता का एक मामला सामने आया है। जिले में पदस्थ रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डेय ने बिना अनुमति थाईलैंड की यात्रा करने का आरोप लगात है। मामले पर पुलिस मुख्यालय ने संज्ञान लेते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन के बाद रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डेय के खिलाफ विभागीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं। विभागीय नियमों के अनुसार किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को विदेश यात्रा पर जाने के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य है।

रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डेय ने नियम का उल्लंघन करते हुए सीधे थाईलैंड के फुकेत की यात्रा की। मामला सामने आया और विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा तो रक्षित निरीक्षक ने दावा किया कि उन्होंने आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न किए थे। उनका कहना था कि उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि यात्रा से पहले लिखित अनुमति का इंतजार करना अनिवार्य है। रक्षित निरीक्षक की मुश्किलें सिर्फ विदेश यात्रा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके खिलाफ पुराने मामले भी सामने आए हैं। समाजसेवी इंद्र मिश्रा की शिकायत पर तत्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा ने 24 मई 2024 को एक गोपनीय जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें प्रमाणित हुआ था कि रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डे बिना किसी सूचना के बार-बार जिला मुख्यालय छोड़कर जबलपुर और होशंगाबाद में समय बिता रहे थे। साइबर सेल की जांच में यह भी सामने आया कि वे कई बार 40 से 64 घंटे तक ड्यूटी से अनुपस्थित रहे, जिसके लिए कोई आधिकारिक अवकाश नहीं लिया गया था। हालांकि मई 2024 में इसकी पुष्टि होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। शिकायतकर्ता इंद्र मिश्रा ने डीजीपी और आईजी को भेजे पत्र में कुछ और गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डेय ने अपनी गृहिणी मां के नाम पर जबलपुर में करोड़ों की संपत्ति और एक रिसोर्ट खरीदा है। उन पर यह भी आरोप है कि वे सरकारी गाड़ी का उपयोग निजी यात्राओं के लिए करते हैं और विरोध करने वालों को डरा-धमकाकर चुप करा देते हैं। रक्षित निरीक्षक राहुल पांडे के पर सरकारी वर्दी और पद का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर अपनी ख्याति बढ़ाने के लिए निजी युवकों से वीडियो बनवाने और उन्हें प्रचारित करवाने के भी आरोप हैं। इंस्टाग्राम में रील बनाने को लेकर चर्चाओं पर रहते हैं।

पांच महीने तक थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराधी

नवभारत, कटनी। जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने कैमोर थाना क्षेत्र के अमरैयापार निवासी सद्दाम खान पिता अनवर खान के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 5 महीने तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाने में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टअर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। प्रतिवेदन के अनुसार सद्दाम खान के खिलाफ वर्ष 2014 से अब तक 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें हत्या के प्रयास से मारपीट करना, अवैध रूप से हथियार रखना, दंगा करना, शासन के आदेशों का उल्लंघन करना जैसे अपराध शामिल है। साथ ही सद्दाम साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काकर उत्तेजित कर लड़ाई झगड़ा करता है, जिससे लोगों में सद्भाव बिगड़ने की संभावना रहती है। पुलिस द्वारा सद्दाम के खिलाफ कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। सद्दाम द्वारा आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 5 महीने तक कैमोर थाने में में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

तीन नगर परिषदों में मनोनीत किए गए एल्डरमैन

विधायक ने अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जताई उम्मीद

नवभारत, नवभारत। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आज कटनी जिले के विजयराघवगढ़, बरही, कैमोर के एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की घोषणा की गई है। जिसमें तीनों नगर परिषदों में चार-चार एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने सभी एल्डरमैनो को मिले नए दायित्वों को लेकर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में है कि एल्डरमैन के रूप में आपको मिला दायित्व एक अत्यंत जिम्मेदारी भरा पद है, जो सीधे तौर पर नगर के सुव्यवस्थित विकास और जन-भागीदारी से जुड़ा है। आप सभी से यह अपेक्षा है कि अपने-अपने नगरों में सुशासन, विकास कार्यों और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आपकी जानकारी, अनुभव से नगर निकायों को नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे शहरों के विकास की गति तेज होगी। उन्होने नगर परिषद कैमोर के लिए नियुक्त एल्डरमैन शोभा सोनी, अरुण गुप्ता, सुनीता मुंगेरिया, श्रीमति किरण बर्मन बरही में नियुक्त एल्डरमैन किरण पटेल, रजनीश नामदेव, रघुनाथ गुप्ता, मनोज रावत, विजयराघवगढ़ में नियुक्त एल्डरमैन राकेश पांडे, भारत कोल, महेन्द्र ताम्रकार, रोशनी सोनी को बधाई दी। विधायक ने उम्मीद जताई है कि सभी एल्डरमैन विकसित विजयराघवगढ़, विकसित मध्यप्रदेश, विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान देगे।

शराब दुकान कर्मचारियों ने युवक को पीटा

नवभारत, कटनी। बरही थाना अंतर्गत क्षेत्र में खुल्ले पैसे को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। शराब दुकान के कर्मचारियों पर एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने और कांच की बोतल से सिर फोड़ने का आरोप लगा है। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बरही के विजयराघवगढ़ मार्ग स्थित शराब दुकान में रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे नामदेव मोहल्ला निवासी रामकेश गुप्ता (28 वर्ष) अपने एक साथी के साथ शराब खरीदने दुकान गया था। इसी दौरान खुल्ले पैसे को लेकर दुकान कर्मचारियों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने पर शराब दुकान के आधा दर्जन कर्मचारियों ने एकजुट होकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी कर्मचारियों द्वारा खदेड़ दिया गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान कांच की बोतल से युवक के सिर पर वार किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। घायल रामकेश को तत्काल बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो पक्षों में मारपीट से तनाव, एक आरोपी गिरफ्तार

बहोरीबंद क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव में हुई मारपीट

नवभारत, कटनी। जिले के बहोरीबंद थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव निवासी भागचंद गडारी पर जूते फैकने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि नीमखेड़ा गांव निवासी भागचंद गडारी द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई की गांव के प्रकाश जायसवाल द्वारा पुरानी रंजिश के कारण अपमान करने के उद्देश्य से उसके ऊपर जूते फैंक दिए। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने दोनो पक्षो के बीच हुए विवाद में कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी प्रकाश जायसवाल को गांव में अनावश्यक विवाद की स्थिति पैदा कर तनाव निर्मित करने और मारपीट करने के आरोप गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आयोजन | साधूराम स्कूल परिसर में चलाया गया संकल्प से समाधान अभियान, तीन दिवसीय पुस्तक मेला भी शुरू

समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है सरकार, शिक्षा विकास का मूल मंत्र

नवभारत, कटनी। संकल्प से समाधान अभियान का जिला स्तरीय शिविर शनिवार को साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पुस्तक एवं गणवेश मेला का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहें। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को मिले। उन्होंने कहा कि कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने संकल्प से समाधान अभियान के दौरान हितग्राहियों को लाभान्वित करने के मामले में उत्कृष्ट प्रयास किया। विधायक ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकलपित है। उन्होनें कहा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, लाडली बहना योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ दे रही है। और आवासहीनों को आवास प्रदान कर रही है। उन्होनें पुस्तक और गणवेश मेले का आयोजन करने के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और विज्ञान हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा हमें अधिकारों के बारे में जागरूक करती है। शिक्षा विकास का मूल मंत्र है। उन्होनें नागरिकों से कहा कि समय-समय पर शासन द्वारा आयोजित किये जाने वाले स्वास्थ्य शिविरों में पहुंच कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के दौरान 22 विभागों के 106 सेवाओं के प्राप्त 70 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण किया गया और पात्र व्यक्तियों को हितलाभ प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि पुस्तक और गणवेश मेला के यहां आयोजन से छात्रों, अभिभावकों व पालकों को एक ही स्थान पर पुस्तक, कॉपियां, ड्रेस व अन्य शैक्षणिक सामग्री मिल सकेगी। उन्होनें छात्रों से कहा कि अच्छे से मन लगा कर पढ़ें व आगे बढ़ें। उन्होनें कहा कि पुस्तक मेला का आयोजन शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले किया गया है ताकि सभी को वाजिब दाम पर पुस्तक और कापियॉ उपलब्ध हों सकें। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तक मेले के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि अधिक से अधिक लोग मेले में पहुंच कर लाभ उठा सकें। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि अभिभावकों और छात्रो को उचित दाम पर कापीं-किताब दिलाने के लिए पुस्तक मेला का आयोजन जिला प्रशासन की एक सार्थक पहल है।